# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
## मेरठ-250 004 (उ०प्र०)

**प्रो० नरेन्द्र कुमार तनेजा**
पी-एच०डी० (अर्थशास्त्र)
कुलपति


पत्रांक : एस०वी०सी०/21/10
दिनांक : 30.09.2020

## 'अपील'

राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विद्याभारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा एक राष्ट्रीय अभियान 11 सितम्बर 2020 से प्रारम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश में इस अभियान का शुभारंभ प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा जी के द्वारा विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में आयोजित समारोह के माध्यम से किया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत 25 सितम्बर 2020 से 02 अक्टूबर 2020 तक वेबसाइट www.mynep.in में NEP पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

मुझे ज्ञात हुआ है कि MyNEP प्रतियोगिता के तहत हस्तनिर्मित पेंटिंग, मीम–मेकिंग, प्रधानमंत्री को पत्र–लेखन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, लघु फिल्म निर्देशन (निर्माण), डिजिटल डिजाइनिंग और ट्विटर थ्रेड रचनाएं जैसी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विजेताओं के नामों की घोषणा 05 अक्टूबर 2020 को की जाएगी।

आपके संस्थान का भी इस कार्य में अहम योगदान निम्न प्रकार से आपेक्षित है –

1. अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं, प्राध्यापकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों को इस अभियान के बारे में सभी सम्भव प्रसार माध्यमों से सूचित करें।
2. अपने संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारियों से अपील करें कि वे भी अपने सोशल मीडिया से MyNEP से सम्बन्धित सामग्री शेयर करें।
3. सभी छात्र–छात्रायें, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं अभिभावक वेबसाईट www.mynep.in को अवश्य विजिट करें एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में रोचक शैली में उपलब्ध जानकारी प्राप्त करे।
4. समस्त जनमानस, छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, प्राध्यापकों से अपील है कि वो सभी प्रयोगिताओं में भाग ले एवं अन्य को इसी हेतु प्रेरित करें।

नरेन्द्र कुमार तनेजा
( नरेन्द्र कुमार तनेजा )


कुलपति आवास, विश्वविद्यालय परिसर
मेरठ - 250 004 | कार्यालयः +91-0121-2760554, 2760551, फैक्सः 2762838
शिविर कार्यालयः +91-0121-2600066, फैक्सः 2760577 | वैबसाइटः ccsuniversity.ac.in
ई-मेलः vc@ccsuniversity.ac.in